डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः C.O.E/310/2024 दिनांकः 01/07/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 30.06.2024 के अनुपालन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर मई –2024 की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षाऐं सम्पन्न कराये जाने की तिथि 30.06.2024 तक निर्धारित की गयी थी, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा उक्त परीक्षाऐं सम्पन्न नहीं करायी गयी हैं।

कृपया उक्त पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के लिए आन्तरिक / बाहय परीक्षकों अपने निकटवर्ती अनुदानित / राजकीय महाविद्यालयों के परीक्षकों द्वारा निर्धारित तिथि 07.07.2024 तक सम्पन्न कराते हुए अंक यथाशीघ्र विश्वविद्यालय पोर्टल पर उपलब्ध अपने महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें, साथ ही अपलोड किये गये अंकों की प्रति परीक्षक के हस्ताक्षर सहित प्रैक्टिकल अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। **अन्यथा की स्थिति में अंक अपलोड न करने वाले महाविद्यालयों पर आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा,** जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में दैनिक समाचार पत्रों में प्रश्नगत महाविद्यालयों की सूची भी निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक